# UNIT – 1

## Syllabus of Class – 5th

**PERIODIC - I**

**पाठ – 1 (सूरज सा चमकें)**

**व्याकरण** – लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द।

**OTBA :** करत-करत अभ्यास के

**Vocabulary :** पाठ- 5 (साधु की सलाह)

पाठ- (भाग्य नहीं मेहनत भी)

**G.D.** (i) पशु-पक्षी भी हमारी धरती का अभिन्न अंग है। बच्चों से चर्चा करें कि हम इनकी सहायता किस प्रकार कर सकते हैं।

(ii) नित्य प्रति आप समाचार पत्रों में दंगों और तोड़-फोड़ की वारदातों के विषय में सुनते हैं। उन्हें सुनकर आप के मन में कैसे प्रश्न उठते हैं।

## PERIODIC - I

**TOPIC: पाठ - 1 (सूरज सा चमकें )**

**Objective** : इस पाठ का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्र-प्रेम, समाज प्रेम, त्याग बलिदान एवं समर्पण का भाव जगाना, ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार करना है।

**P.K. Testing** : बच्चों से पूछा जाएगा कि उन्हें इस प्रकार की कोई और कविता याद है। भिन्न-भिन्न प्रश्न भी पूछे जाएँगे।

प्र1. धरा हमें क्या संदेश देती है?

प्र2. इस कविता से क्या संदेश मिलता है?

**Vocabulary** : कविता में कई नए शब्द आए हैं जैसे : ख़ातिर, स्नेह-कलश, उर आदि।

**Important Spellings** : अमृत, विष, कुंदन, नयन आदि

**Innovative method used** उचित लय-ताल एवं उचित हाव-भाव के साथ कविता वाचन करवाया जाएगा, दुखों व दंगों से परे शांति के पक्ष में चर्चा की जाएगी।

**Procedure** : पाठ- 1 (सूरज सा चमकें) बच्चों द्वारा क्रमानुसार read करवाई जाएगी, पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ समझा जाएँगे। Reading पूरी होने पर कठिन शब्द, शब्दार्थ समझाकर करवाए जाएँगे। प्रश्न उत्तर बच्चों के साथ discuss करने के बाद उन्हें स्वयं प्रश्न-उत्तर लिखने को कहा जाएगा। प्रश्नोत्तर पूरे होने पर पाठ के पीछे का अभ्यास समझाया जाएगा व बच्चों द्वारा स्वयं ही किया जाएगा। अब पाठ पूरा होने पर मौखिक अभ्यास करवाने के बाद लिखित अभ्यास करवाया जाएगा। पाठ में से dict. test भी लिया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **Student's participation/ Activities** | : | पाठ के अभ्यास में दिए गए संवाद को पूरा करेंगे। बच्चों से सूरज की रोशनी की विशेषताओं पर चर्चा की जाएगी। |
| **Recapitulation** | : | चार-चार पंक्तियाँ बोलते हुए उनका अर्थ व क्या संदेश मिलता है पूछा जाएगा। |
| **Assignment** | : | नित्य प्रति समाचारों में दंगों और तोड़-फोड़ की वारदातों के विषय में सुनकर आप के मन में कैसे प्रश्न उठते हैं, कक्षा में विचार विमर्श करें व अपने प्रस्ताव लिखें। |
| **Learning Outcome** | : | इस कविता में बच्चो का बौद्धिक विकास होगा। समाज में शांति के लिए संकल्प शक्ति का विकास, गायन एवं वाचन कौशल का विकास होगा। |
| **Assessment** | : | बच्चों को लय ताल से कविता याद करने को कहा जाएगा व उसी के आधार पर grading की जाएगी। |

**TOPIC: व्याकरण : लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द**

| | | |
|---|---|---|
| **Objective** | : | ऊपर दिए गए विषय करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भाषा का शुद्ध ज्ञान करवाना है। |
| **P.K. Testing** | : | बच्चों से पिछली कक्षा में करवाए गए व्याकरण के विषय में से प्रश्न पूछे जाएँगे। |
| **Vocabulary** | : | कुम्हार, कवयित्री, मक्खियाँ आदि। |
| **Important Spellings** | : | बैल, बिल्ली, सूर्य, सौभाग्य आदि। |
| **Innovative method used** | : | व्याकरण के उपर्युक्त विषय समझाने के लिए flash cards, golden stars देकर व विभिन्न गेम्स के द्वारा समझाया जाएगा। |
| **Procedure** | : | उपरोक्त सभी विषयों की परिभाषाएँ समझाकर व्याकरण पुस्तक में से सभी विषयों की reading करवाई जाएगी। प्रत्येक शब्द का अर्थ समझाकर उपर्युक्त सभी विषय करवाए जाएँगे। यह सब विषय पूरे होने पर मौखिक अध्ययन करवाकर लिखित अभ्यास के लिए worksheet दी जाएगी। |
| **Student's participation/ Activities** | : | बच्चे से विभिन्न विषयों से संबंधित flash cards बनाकर लाने को कहा जाएगा। |
| **Recapitulation** | : | प्रश्न-उत्तर इन्हीं विषयों में से किए जाएँगे व श्यामपट्ट पर भी लिखवाए जाएँगा। |
| **Assignment** | : | व्याकरण पुस्तक के अलावा अपनी तरफ से भी शब्द देकर बच्चों से व्याकरण के विषय करने को कहा जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| **Integrations with other domains** | : | **https://youtu.be/TbbmRNZ16BW**<br>https://youtu.be/dNM4uYZCcry<br>https://youtu.be/ONt-H-pmoyo<br>https://youtu.be/4vP96UPNo_Y<br>https://youtu.be/34qY3Gf2010 |
| **Learning Outcome** | : | Smart class में उदाहरण देकर समझाया जाएगा तांकि बच्चों को जल्दी याद हो। |
| **Assessment** | : | व्याकरण में ऊपर दिए विषयों में से MCQ form में Test लिया जाएगा। |

## Periodic Test- II Syllabus

**पाठ –2** (अनोखा बलिदान)

**पाठ –4** – कविता (मेहनत करो)

**व्याकरण :** लिंग बदलो, वचन बदलो (वाक्यों में), विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अनुस्वार–अनुनासिक, मुहावरे, संज्ञा – सर्वनाम छाँटना

**TOPIC:** पाठ - 2 (अनोखा बलिदान)

| | | |
|---|---|---|
| **Objective** | : | इस पाठ का मुख्य उद्देश्य बच्चों से निस्वार्थ भावना, त्याग, आत्मोसर्ग की भावना का विकास करना है। |
| **P.K. Testing** | : | बच्चों को इसी प्रकार की अन्य साहसिक कहानी सुनाने को कहा जाएगा। |
| **Vocabulary** | : | आधे अक्षर वाले शब्दः द्वीप, समस्त, दृश्य आदि। |
| **Important Spellings** | : | हेमागुची, फ़सल, चक्रवाती, आदि |
| **Innovative method used** | : | Enactment के द्वारा बच्चों को पाठ समझाया जाएगा। |
| **Procedure** | : | पाठ–2 (अनोखा बलिदान) बच्चों द्वारा क्रमानुसार read करवाया जाएगी, पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ समझाए जाएँगे। अब reading पूरी होने पर कठिन शब्द, शब्दार्थ समझाकर करवाए जाएँगे। प्रश्नोत्तर बच्चों के साथ discuss किए जाएँगे व समझाए जाएँगे व बच्चों द्वारा स्वयं किए जाएँगे। प्रश्नोत्तर दो दिन करवाए जाएँगे। प्रश्नोत्तर के बाद पाठ का अभ्यास समझाया जाएगा व बच्चों द्वारा स्वयं ही किया जाएगा। अब पाठ पूरा होने पर मौखिक अध्ययन के बाद लिखित अभ्यास के लिए Work-sheet करवाई जाएगी व Dict. test भी लिया जाएगा। |
| **Student's participation/ Activities** | : | छोटी छोटी मदद की अनिवार्यता पर बच्चों के साथ चर्चा की जाएगी। पाठ में दिए गए दृश्य वर्णन बच्चों द्वारा किया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| **Recapitulation** | : | पाठ read करवाकर short Q/Ans व सही/गलत भी पूछे जाएँगे। |
| **Assignment** | : | कक्षा में अपना विचार प्रस्तुत करिए कि यदि हेमागुचील के पोते ने घर के भीतर से जल्दी से मशाल न लाकर दी होती, तो क्या होता? |
| **Integration with other domains** | : | पाठ से संबंधित दो चित्र दिखा कर बच्चों से अंतर ढूँढ़ने को कहा जाएगा। |
| **Learning Outcome** | : | इस पाठ के द्वारा बच्चों में चिंतन-मनन क्षमता का विकास और लेखन क्षमता का विकास होगा। |
| **Assessment** | : | पाठ में आए संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखने को कहा जाएगा। |

**TOPIC:** पाठ – 4 कविता (मेहनत करो)

| | | |
|---|---|---|
| **Objective** | : | इस पाठ का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वावलंबन का गुण पैदा करना, आत्मनिर्भरता, आत्म-विश्लेषण के गुण विकास करना है। |
| **P.K. Testing** | : | बच्चों से 'समय के महत्त्व' पर प्रश्न पूछे जाएँगे। |
| **Vocabulary** | : | प्रेरणादायक शब्द जैसे : सफलता, मेहनत, नित्य कर्म आदि। |
| **Important Spellings** | : | नए व कठिन शब्द जैसे: कुंजी, सदैव, स्वयं, जन-जन आदि |
| **Innovative method used** | : | लय-ताल एवं उचित हाव-भाव के साथ कविता का वाचन सिखाया जाएगा। बच्चों से पूछा जाएगा कि यदि प्रकृति के उपहार सूर्य, चाँद, धरती आदि अपना कार्य करना भूल जाएँ तो क्या होगा इस पर Enactment करें। |
| **Procedure** | : | पाठ-4 जो एक कविता है बच्चों द्वारा क्रमबद्ध से वाचन करवाई जाएगी। कविता में आए कठिन शब्द व सरलार्थ समझाए जाएँगे। Reading पूरी होने पर कठिन शब्द, शब्दार्थ समझाकर करवाए जाएँगे। प्रश्न-उत्तर बच्चों के साथ discuss किए जाएँगे व समझाकर स्वयं लिखने को कहा जाएगा। पाठ पूरा होने पर अभ्यास समझाया जाएगा व बच्चों द्वारा स्वयं ही किया जाएगा। पाठ पूरा होने पर मौखिक अध्ययन करवाया जाएगा व लिखित अभ्यास के लिए Work-sheet दी जाएगी। पाठ में से Dict. test भी लिया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| **Student's participation/ Activities** | : | बच्चों से सफलता की राह में आने वाली बाधाओं व समय के महत्त्व पर चर्चा की जाएगी। |
| **Recapitulation** | : | बच्चों से पूछा जाएगा कि इस कविता से उन्हें क्या क्या सीख मिलती है? |
| **Assignment** | : | बच्चों से कहा जाएगा कि अपने आस-पास सफल व्यक्तियों से बातचीत करें कि उन्हें किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा वे लिखें। |
| **Integration with other domains** | : | बच्चों से प्रकृति के उपहार-सूरज, चाँद, सितारे, पेड़ पौधे के चित्र बनाकर रंग भरने को कहा जाएगा व यह हमारे लिए कैसे लाभदायक हैं लिखने को कहा जाएगा। |
| **Learning Outcome** | : | इस कविता के द्वारा बच्चों में तार्किक एवं मनन क्षमता का विकास होगा, काव्य पाठ करना आएगा व विचारों का प्रकटीकरण करने में सहायता मिलेगी। |
| **Assessment** | : | पाठ में से कविता की पंक्तियाँ पूरी करो बच्चों से करवाई जाएगी। |

**TOPIC: व्याकरण** (लिंग बदलो, वचन बदलो (वाक्यों में), विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अनुस्वार-अनुनासिक, मुहावरे, संज्ञा-सर्वनाम (छाँटना)

| | | |
|---|---|---|
| **Objective** | : | ऊपर दिए गए विषय करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भाषा का शुद्ध ज्ञान करवाना है। |
| **P.K. Testing** | : | बच्चों से पहले करवाए गए व्याकरण के विषयों के बारे में प्रश्न पूछे जाएँगे। |
| **Vocabulary** | : | विलोम शब्दों से संबंधित प्राचीन-नवीन, छल्टी गंगा बहाना, अनुनासिर अनुस्वार में से चंदा-चाँद आदि। |
| **Important Spellings** | : | बुद्धिमान-बुद्धिमती, अधिकारी वर्ग, सज्जन-दुर्जन, माँ, मंद आदि |
| **Innovative method used** | : | उपर्युक्त व्याकरण के विषय बच्चों को अच्छी तरह समझाने के लिए विभिन्न प्रकार के flash cards व गेम्स के द्वरा समझाया जाएगा। |
| **Procedure** | : | लिंग, वचन, विलोम पहले से भी परिभाषा सहित समझाए गए है अब भी उन्हें अर्थ समझाकर करवाया जाएगा। वचन बदलो जो कि वाक्यों में हैं, बच्चों को वाक्य बदलने सिखाए जाएँगे। अनुस्वार और अनुनासिक आवाज़ के साथ समझाकर करवाए जाएँगे। संज्ञा-सर्वनाम जो कि पहले किए हुए हैं पुनः समझाकर करवाए जाएँगे। मुहावरों के अर्थ समझाकर वाक्य बनाने बताए जाएँगे। अब सिलेबस पूरा होने पर मौखिक करवाकर लिखित अध्ययन भी करवाया जाएगा। |
| **Student's participation/ Activities** | : | बच्चों से विभिन्न विषयों से संबंधित flash cards व चित्र बनाने को कहा जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| **Recapitulation** | : | संज्ञा व सर्वनाम जो कि पहले किए हुए है, दोनों की परिभाषा पूछी जाएगी। |
| **Assignment** | : | चित्र देखकर मुहावरे व उनके अर्थ लिखिए और मुहावरों को उनके सही अर्थ से match करो। |
| **Integration with other domains** | : | https://youtu.be/UoOiQVGzoLo<br>https://youtu.begF1i8nUVJQ<br>https://youtu.be/uhfWVEFMS8E |
| **Learning Outcome** | : | विभिन्न flash cards व गेम्स द्वारा काम करवाने पर उन्हें सदा के लिए याद रहेगा। |
| **Assessment** | : | व्याकरण के उपर्युक्त विषयों का MCQ form में test लिया जाएगा। |

## SYLLABUS OF HALF YEARLY (UNIT-1)

पाठ-3 (पंडित मदन मोहन मालवीय)

पाठ-6 (सतरंगी के रंग)

पाठ-7 (जहाँ चाह वहाँ राह)

**व्याकरण :** लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द (वाक्यों में), अशुद्ध-शुद्ध, पर्यायवाची शब्द, श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द, वर्ण-विच्छेद, भाषा और व्याकरण, विशेषण (परिभाषा, छाँटना)

## TOPIC: पाठ – 3 (पंडित मदन मोहन मालविय)

**Objective** : इस पाठ का मुख्य उद्देश्य बच्चों को महापुरुषों का सम्मान करना सीखाना है एवं उनके आदर्शों का अनुकरण करना सीखाना है।

**P.K. Testing** : बच्चों से अन्य समाज सुधारक के बारे में पूछा जाएगा।

**Vocabulary** : कुछ नए शब्द जैसेः पीड़ा, करुणा, कंठस्थ आदि।

**Important Spellings** : क्रिया ड एवं ण वाले शब्द जैसे – परपीड़ा, गुणों पूर्ण, अखाड़ा आदि।

**Innovative method used** : बच्चों को पशु/पक्षी की देख भाल के उपायों को बताया जाएगा। चित्र दिखाकर चित्र वर्णन करवाया जाएगा।

**Procedure** : पाठ–3 (पंडित मदन मोहन मालवीय) बच्चों द्वारा क्रमबद्ध से पढ़ा जाएगा। पाठ के आए कठिन शब्दों के अर्थ समझाए जाएँगे। Reading पूरी होने पर कठिन शब्द, शब्दार्थ समझाकर करवाए जाएँगे। प्रश्नोत्तर discuss किए जाएँगे व समझाउ जाएँगे और बच्चों द्वारा स्वयं ही किए जाएँगे। प्रश्नोत्तर पूरे होने पर पाठ का अभ्यास समझाया जाएगा व बच्चों द्वारा स्वयं ही पूरा किया जाएगा। पाठ पूरा होने पर Dict. test भी लिया जाएगा व मौखिक अध्ययन करवाकर लिखित अभ्यास करवाया जाएगा।

**Student's participation/ Activities** : बच्चों से पंडित मदन मोहन मालवीय के बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए कहा जाएगा।

**Recapitulation** : पंडित मदन मोहन मालवीय के गुणों –पशु–प्रेम, परिश्रम शिक्षा के प्रति अनुराग के अन्य उदाहरणों के बारे में पूछा जाएगा।

**Assignment** : दूसरों का भला करने वाले लोग परोपकारी कहलाते हैं। 'परोपकार' विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए।

**Integration with other domains** : पशु पक्षी भी हमारी धरती का अभिन्न हिस्सा हैं। कक्षा में हम इनके लिए क्या कर सकते हैं इस पर चर्चा की जाएगी।

**Learning Outcome** : इससे बच्चों में चिंतन क्षमता का विकास होगा, लेखन क्षमता का विकास एवं ऐतिहासिक पात्रों के बारे में जानकारी मिलती हैं।

**Assessment** : पाठ Read करके Short Q/Ans. करवाए जाएँगे।

## TOPIC: पाठ - 6 (सतरंगी के रंग)

| | | |
|---|---|---|
| **Objective** | : | इस पाठ के माध्यम से बच्चों को घमंड न करने की सीख दी गई है। |
| **P.K. Testing** | : | बच्चों से अन्य कोई ऐसा किस्सा सुनाने को कहा जाएगा जिससे उन्हें अहंकार न करने की सीख मिलती हो। |
| **Vocabulary** | : | इस कहानी में कई मुहावरों का प्रयोग भी किया गया है जैसे :- अपमान का घूँट पीना, ठहाके लगाना आदि। |
| **Important Spellings** | : | नए शब्द जैसे :- कौतूहलवश, दृष्टि आदि। |
| **Innovative method used** | : | बच्चों को स्वयं पतंग समझकर अपने विचार प्रकट करने को कहा जाएगा Enactment करके विचार व्यक्त करने को कहा जाएगा। |
| **Procedure** | : | पाठ-6 (सरतंगी परियाँ) बच्चों द्वारा क्रमवध से पढ़ा जाएगा। पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ समझाए जाएँगे। अब reading पूरी होने पर कठिन शब्द, शब्दार्थ mark करवाए जाएँगे। कक्षा में प्रश्न-उत्तर discuss किए जाएँगे व बच्चों द्वारा स्वयं लिखे जाएँगे व pending काम भी पूरा किया जाएगा। पाठ पूरा होने पर dictation test लिया जाएगा और मौखिक अध्ययन करवाकर लिखित अभ्यास भी करवाया जाएगा। Page No. 33 पर करत करत अभ्यास जो केवल पठन के लिए हैं, में से OTBA लिया जाएगा। |
| **Student's participation/ Activities** | : | रंगीन कागज, झाड़ू की तिल्ली, धागे और गोंद की मदद से बच्चे पतंग बनाएँगे। |

**Recapitulation** : बच्चों से पूछा जाएगा अगर सतरंगी सबसे अच्छा व्यवहार करती तो क्या सभी मिलकर उसे बचा पाते। अपने विचार व्यक्त करने को कहा जाएगा।

**Assignment** : ''यदि मैं पतंग होता'' पर अनुच्छेद लिखिए।

**Integration with other domains** : पतंग वसंत चंपमी पर ही क्यों उड़ाए जाते है? यह ऋतु बदलने का संकेत भी देते हैं। चीनी डोर क्यों नहीं प्रयोग करनी चाहिए आदि पर चर्चा की जाएगी।

**Learning Outcome** : Enactment के द्वारा पाठ को अच्छी तरह समझने में सहायता मिलेगी।

**Assessment** : पाठ में से Short Q/Ans. का Test लिया जाएगा।

## TOPIC: पाठ - 7 (जहाँ चाह, वहाँ राह)

**Objective** : इस पाठ का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यह समझाना है कि किस प्रकार मेहनत, आत्मविश्वास से शारीरिक विकलांगता पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है।

**P.K. Testing** : बच्चों में ऐसे व्यक्तियों से पूछा जाएगा जिन्होंने अपने अंगों के विकार पर हिम्मत नहीं हारी और कामयाबी के शिखर पर पहुँचे।

**Vocabulary** : पाठ में प्रयोग हुए कुछ मुहावरे जैसे - सीने पर पत्थर रखना, हिम्मत हारना आदि।

**Important Spellings** : कुछ नए व कठिन शब्द जैसे :- प्रतियोगिता, दुर्घटनाग्रस्त, आत्मनिर्भर आदि।

**Innovative method used** : विशेष व्यक्तियों पर चर्चा की जाएगी। बच्चों से कहा जाएगा कि आपकी माँ ने हमेशा आपका मनोबल बढ़ाया और इसके लिए माँ को धन्यवाद पत्र लिखें।

**Procedure** : पाठ-7 (जहाँ चाह, वहाँ राह) क्रमबद्ध से बच्चों द्वारा पढ़ा जाएगा, पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ समझाए जाएँगे। Reading पूरी होने पर कठिन शब्द, शब्दार्थ mark करवाए जाएँगे। कक्षा में प्रश्नोत्तर discuss किए जाएँगे व बच्चों द्वारा स्वयं ही किए जाएँगे। प्रश्नोत्तर पूरे होने पर पाठ का अभ्यास समझा करवाया जाएगा। अब पाठ पूरा होने पर dictation test लिया जाएगा। उसके बाद पाठ का मौखिक अध्ययन करवाकर लिखित test भी लिया जाएगा। पाठ-5 (साधु की सलाह) और (भाग्य नहीं, मेहनत भी) पाठ मं से vocabulary test लिया जाएगा। पाठ-8 (चतुर चित्रकार) कविता में से Recitation test लिया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **Student's participation/ Activities** | : | बच्चों से कक्षा में धन्यवाद पत्र लिखवाए जाएँगे। |
| **Recapitulation** | : | पाठ में आए अनेकार्थी शब्दों के अर्थ पूछकर वाक्य बनाने को कहा जाएगा। |
| **Assignment** | : | जिस प्रकार पाठ में शीला प्रत्येक त्योहार पर कार्ड बनाती है, बच्चों को अपने मनपसंद त्योहार का कार्ड बनाने को कहा जाएगा। |
| **Integration with other domains** | : | बच्चों से शारीरिक रूप में विकलांग विशेष लोगों की खोजों के बारे में पूछा जाएगा। बच्चों को ब्रेल लिपि के बारे में पूछा व बताया जाएगा |
| **Learning Outcome** | : | इस पाठ के द्वारा बच्चों में चिंतन एवं मनन का और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा। |
| **Assessment** | : | पाठ में से किसने? किससे कहा का test लिया जाएगा। |

**TOPIC:** व्याकरण- लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द (वाक्यों में) अशुद्ध-शुद्ध (वाक्यों में), पर्यायवाची शब्द, श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द, भाषा और व्याकरण, वर्ण विच्छेद (उ, ऊ), विशेषण (परिभाषा, छाँटना)

प्रार्थना-पत्र :- प्रधानाचार्य जी को मॉनीटर के दुर्व्यवहार की प्रार्थना पत्र,

कक्षा का पंखा ठीक करवाने के लिए प्रार्थना पत्र।

| | | |
|---|---|---|
| **Objective** | : | ऊपर दिए गए विषय करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भाषा का शुद्ध ज्ञान करवाना है। |
| **P.K. Testing** | : | ई ( ी ) की मात्रा तक जो पहले वर्ण विच्छेद करवाए हुए हैं उनमें से प्रश्न पूछे जाएँगे। |
| **Vocabulary** | : | भाषा और व्याकरण करवाने के लिए बच्चों से स्वर व्यंजन पूछे जाएँगे |
| **1mportant Spellings** | : | श्रुति भिन्नार्थक शब्द - दिन-दीन, पता-पत्ता आदि। |
| **Innovative method used** | : | उपर्युक्त विषय करवाने के लिए flash cards व Golden stars का प्रयोग किया जाएगा। |
| **Procedure** | : | उपर्युक्त सभी विषय पहले व्याकरण में से समझाए जाएँगे। अर्थ सहित समझाकर प्रत्येक विषय करवाया जाएगा। भाषा और व्याकरण करवाने के लिए पहले व्याकरण में समझाकर फिर प्रश्नोत्तर करवाए जाएँगे। श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द करवाने के लिए भी पहले अर्थ समझाए जाएँगे, विशेषण की परिभाषा समझााकर भेद समझााकर फिर विशेषण छाँटना करवाया जाएगा। विच्छेद (उ, ऊ) समझाकर करवाए जाएँगे।<br><br>प्रार्थना पत्र करवाने के लिए व्याकरण में reading करवाई |

| | | |
|---|---|---|
| | | जाएगी एवं format समझाकर लिखना सिखाया जाएगा। सिलेबस पूरा होने पर मौखिक अध्ययन करवाया जाएगा और लिखित अध्ययन दो भागों में करवाया जाएगा। |
| **Student's participation/ Activities** | : | बच्चों द्वारा flash cards व golden stars बनाए जाएँगे। |
| **Recapitulation** | : | अशुद्ध-शुद्ध वाक्यों में करवाने से पहले बच्चों से अशुद्ध-शुद्ध शब्दों में पूछे जाएँगे। |
| **Assignment** | : | वर्ण-विच्छेद (उ, ऊ) के नियम समझाकर बच्चों को स्वयं करने के लिए शब्द दिए जाएँगे। |
| **Integration with other domains** | : | अशुद्ध-शुद्ध https://youtu.be/heCRIN5S6EC<br>पर्यायवाची शब्द https://youtu.be/3rglov0053Y<br>श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द https://youtu.be/QOKWByzlKtg<br>भाषा और व्याकरण-https://youtu.be/1pf6rMPYKRo<br>विशेषण : https://youtu.be/RJ01X0Ow9eo |
| **Learning Outcome** | : | Smart class में व्याकरण के विषय दिखाए जाएँगे जो बच्चों को जल्दी व ज्यादा समय तक याद रहेंगे। |
| **Assessment** | : | Assessment – व्याकरण के ऊपर दिए विषयों की MCQ Form में Test लिया जाएगा। |